ई-विद्यालय पत्रिका

(सत्र 2021-22)

"पलाश"

केन्द्रीय विद्यालय नलेटी (हि. प्र.)

CHIEF PATRON

MRS. NIDHI PANDEY

{COMMISSIONER, KVS (HQ), NEW DELHI}

OUR PATRON

MR. S.S. CHAUHAN

{DEPUTY COMMISSIONER, KVS, R.O. GURGAON}

OUR MENTORS

MR. SALIL SAXENA
{AC, KVS RO, GURGAON}

MR. R. PRAMOD
{AC, KVS RO, GURGAON}

SCHOOL MAGAZINE- 2022

CHAIRMAN, V.M.C.

DR. NIPUN JINDAL

IAS, DEPUTY COMMISSIONER, KANGRA

CHAIRMAN (NOMINEE), V.M.C

MR. SANKALP GAUTAM

HAS, SDM, DEHRA

PRINCIPAL

MRS. SWATY AGARWAL

K.V. NALETI

EDITOR

MR. CHANDRA PRAKASH
P.G.T. HINDI

CO-EDITOR

MR. NARINDER KUMAR
P.G.T ENGLISH

संदेश

तत्कर्म यन्न बंधाय सा विद्या या विमुक्तये ।
आयासायापरम कर्म विद्यान्या शिल्पनैपुणम ॥
-श्रीविष्णुपुराण

अर्थात जो बंधन उत्पन्न न करे वही कर्म है जो मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करे वह विद्या है। शेष कर्म परिश्रमरूप है। तथा अन्य विद्यायें तो मात्र कला कौशल ही है।

भारतीय ऋषि-मुनियों व मनीषियों ने ज्ञान (विद्या) को मनुष्य की मुक्ति का साधन कहा है। मनुष्य को भय, भूख, दुर्विकार दुष्प्रवृत्तियाँ, दुराचरण, निर्बलता, दीनता व हीनता, रोग, शोक इत्यादि से मुक्ति की अभिलाषा अनंतकाल से है। श्रीविष्णुपुराण का उपरोक्त महावाक्य यही संदेश देता है कि मनुष्य को ज्ञान के द्वारा अपने समस्त क्लेशों से मुक्ति पाने का पुरुषार्थ करना चाहिए। विद्या त्याग और तपस्या का सुफल होता है इसलिए ज्ञानकी उपलब्धि सदैव श्रमसाध्य है।

आइये हम सभी अनुशासित होकर, समर्पण भाव से समस्त उपलब्ध साधनों का मर्यादापूर्वक उपभोग करते हुए ज्ञानार्जन का सद्प्रयास करें। अपनी दिनचर्या में उचित आहार विहार और विचार का समावेश करते हुए व्यक्ति के रूप में प्रकृति प्रदत्त अनंत संभावनाओं को ज्ञान की पवित्र ऊर्जा के आलोक में पल्लवित व पुष्पित करें।हम सभी कृष्ण यजुर्वेद के तैत्रीय उपनिषद के इस सूत्र का प्रतिदिन अपने विद्यालयों में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में सस्वरपाठ करते हैं:

ॐ सह नाववतु सह नौ भुनक्तु, सह वीर्यम करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै, ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

आइये. इस सूत्र में छुपे महान संदेश को समझें और अपने जीवन में आत्मसात कर अपना नित्य कर्म करें। मैं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ और एक सफल व सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।

सरदार सिंह चौहान
उपायुक्त
के.वि.सं. ,क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

प्राचार्या का संदेश

मुझे सत्र 2021-22 के लिए ई – पत्रिका 'पलाश' के इस अंक को आप सब के समक्ष रखते हुए बेहद खुशी हो रही रही है।

'पलाश' पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति को एक मंच मिला हैं। पलाश का वृक्ष कोई छुईमुई समुदाय का नहीं जो छूते ही शर्म से मुरझा जाए। इसमें हाड़कंपाऊ ठंड में मुस्कराते रहने की क्षमता है तो तन जलाने वाली गर्मी में भी हँसते रहने की ताकत है। यह वृक्ष हर परिस्थिति में साहस के साथ उत्साह ,उमंग और हमेशा मस्ती में रहने की प्रेरणा देता है। साहस और जोश के साथ सामना की जाने वाली चुनौतियाँ सर्वांगीण पूर्णता लाने में मदद करती हैं। प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत किसी भी लक्ष्य की प्रगति और उपलब्धि के साथ-साथ युवा दिमाग में सर्वोत्तम मूल्यों को विकसित करने में प्रमुख भूमिका निभाती है। मुझे यह कहते हुए अपार खुशी हो रही है कि लेखों, कहानियों और कविताओं आदि में मौजूद नवीन विचार और अभिव्यक्तियाँ हमारे छात्रों के उत्साह का परिणाम हैं, जो हमारे शिक्षक सदस्यों के मार्गदर्शन में सही दिशा की ओर अग्रसर हैं। केन्द्रीय विद्यालय नलेटी के छात्र हर क्षेत्र में अपनी खुशबू बिखेर रहे हैं। मैं सभी शिक्षकों, छात्रों को बोर्ड कक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देने के लिए और अभिभावकों को सक्रिय सहयोग देने हेतु बधाई देती हूँ ।

के.वि. नलेटी को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने में बहुमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हमारे माननीय आयुक्त महोदय, सहायक आयुक्त महोदय, अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रति मेरा अत्यधिक आभार। मैं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में उनके ईमानदार प्रयासों के लिए भी छात्रों को बधाई देती हूं, जिन्होंने इस 'पलाश' पत्रिका को साकार रूप में सामने लाने में सक्रिय योगदान दिया।

मुझे आशा है कि 'पलाश' पत्रिका विद्यार्थियों में नव चेतना जाग्रत करने में पूर्णत: सफल होगी तथा साथ ही समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भी कर पाएँगी। मैं समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ ।

" सौभाग्य और दुर्भाग्य मनुष्य की दुर्बलताओं के नाम हैं।
मैं तो पुरुषार्थ को ही सबका नियामक समझता हूँ।
पुरुषार्थ ही सौभाग्य को सींचता है।"
– जयशंकर प्रसाद

स्वाति अग्रवाल
प्राचार्या

विद्यालय परिवार

संपादक - मंडल

सत्र 2020-21

परीक्षा परिणाम

कक्षा दसवीं

कुल विद्यार्थी:	46
उत्तीर्ण:	46
उत्तीर्ण प्रतिशत:	100%
प्रगति सूचकांक:	63.15

परीक्षा परिणाम

कक्षा बारहवीं

कुल विद्यार्थी:	38
उत्तीर्ण:	38
उत्तीर्ण प्रतिशत:	100%
प्रगति सूचकांक:	75.13

कक्षा बारहवीं, (विज्ञान)

कुल विद्यार्थी:	28
उत्तीर्ण:	28
उत्तीर्ण प्रतिशत:	100%

कक्षा बारहवीं, (वाणिज्य)

कुल विद्यार्थी:	10
उत्तीर्ण:	10
उत्तीर्ण प्रतिशत:	100%

कक्षा दसवीं के चमकते सितारे

ULLASITA
(94.8%)

DHRUV SHARMA
(94.4%)



AIKAGRA GUPTA
(94%)

कक्षा बारहवीं (विज्ञान)के अव्वल विद्यार्थी

MANSHI SHARMA
(95.2%)

AKSHITA GARG
94.6%

TAMANNA MANHAS
93.6%

कक्षा बारहवीं (वाणिज्य)के होनहार विद्यार्थी



ANMOL
90.6%

KSHITIJ
88.8%

KRITI
88%

सत्र का शुभारम्भ,
माँ सरस्वती के आशीर्वाद के संग

समरसता दिवस (डॉ अम्बेडकर जयंती)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2021



स्काउट गाइड दीक्षान्त समारोह जुलाई 2021



शहीदों और वीर सैनिकों को शत शत नमन और प्रणाम

कक्षा प्रथम (2021-22)मे प्रवेश हेतु ऑनलाइन लॉटरी



संस्कृत सप्ताह समारोह उद्घाटन

विद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापना

स्वतंत्रता दिवस समारोह (2021) की झलकियाँ







कविता गायन

देशभक्ति गीत





कविता गायन



देशभक्ति भाषण



National Sports Day, August 29,2021

अध्यापक दिवस समारोह



वार्षिक शैक्षणिक निरीक्षण (2021)
(ऑनलाइन माध्यम द्वारा)



हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन 2021

आज़ादी का अमृत महोत्सव















नमामि गंगे

Welcome Back to School after Lockdown

National Education Day Celebration

साइबर जागरूकता दिवस

बतौर मुख्य अतिथि, डी.एस. पी. देहरा, श्री अंकित शर्मा द्वारा शिरकत

Vocational Toys Fair

Career Guidance & Counselling Session

By: First Verdict Media Reporter, Mr. Vinayak Thakur

हिन्दी

अनुभाग

निज भाषा का नहीं गर्व जिसे
क्या प्रेम देश से होगा उसे
वही वीर देश का प्यारा है
हिन्दी ही जिसका नारा है

संपादक की कलम से

बहुत ही हर्ष का विषय हैं कि केन्द्रीय विद्यालय नलेटी अपनी पत्रिका 'पलाश' का प्रकाशन करने जा रहा है | पलाश एक वृक्ष है, जिसके फूल बहुत ही आकर्षक होते हैं | इसके आकर्षक फूलों के कारण इसे "जंगल की आग" भी कहा जाता है |'पलाश' का पुष्प अपने मोहक रंगों से उत्साह की प्रेरणा देने वाला प्रकृति का अनोखा उपहार है| पलाश का पेड़ एक ऐसा उपहार है,जो जीवन को न केवल स्वस्थ बनाता है, बल्कि अपने मोहक रंगों से उत्साह ,उमंग और हमेशा आनंद में रहने की प्रेरणा भी देता है | जिस प्रकार 'पलाश' के आकर्षक फूल आँखों को अपनी ओर खींच लेता है, उसी प्रकार आकर्षक लेखन मानव चित्त को अपनी ओर मोड़ लेता है |

'लेखन एक ऐसी प्रक्रिया है जो मानव चिंतन प्रक्रिया से होकर गुजरती है | कभी कल्पनाओं के सागर से होकर पल्लवित होती है तो कभी वास्तविक सामाजिक परिवेश में पल रही बुराईयों पर कटाक्ष बन कर उभरती है | बालपन से ही लेखन की ओर बच्चों को आकर्षित करने की दिशा में यह 'पलाश' पत्रिका एक मील का पत्थर साबित हो सकती है | लेखन के साथ-साथ बच्चों में कला के प्रति भी रुचि जागृत करना,नैतिक गुणों का विकास करना भी शिक्षा का उद्देश्य है | विद्यालय शिक्षा के दौरान ही बच्चों मे अच्छी आदतों का विकास किया जा सकता है | हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर ही गतिविधियों को संचालित करें जो कि इन बच्चों को साधारण से ऊपर उठाकर असाधारण की श्रेणी में खड़ा कर सके |

मैं बच्चों को 'पलाश' पत्रिका के मूर्त रूप पदार्पण हेतु उनके प्रयासों के रूप में किए गए विविध रचनात्मक लेखकीय कर्म के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि निकट भविष्य में भी बच्चे इसी तरह से प्रयासरत रहेंगे और अपने विद्यालय और अपने माता – पिता का नाम रोशन करेंगे | मैं संपादकीय समिति के सभी सदस्यों का भी उनके सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट करता हूँ |

" तोते जैसी लाल चोंच वाला, यह फूल आम आदमी व प्रकृति के लिए अत्यंत उपयोगी है|

इसका केसरिया रंग साधू संतों का वस्त्र है, हमें गर्व है कि हमारे भारत के झंडे में भी केसरिया रंग है|"

चन्द्र प्रकाश मीना
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)

मेरी सहेली

मैं आराध्या कालिया ,
मेरी सहेली आराध्या वालिया।
हम दोनों , एक जैसी।
रहती हैं सबसे अकेली।
चुप रहना न है उसको पसंद
खेलती-कूदती, घूमती- फिरती,
खाती- पाती और सोती बिलकुल भी
न रोती।
वालिया- वालिया जब मैं बोलूँ ,
कालिया- कालिया हाँ वो बोले।
चल खेलें धूम मचाएँ ,
पढ़ने को न जरा भी भाए।
विद्यालय में हम हमेशा मिलते,
अध्यापक भी हमें देखते जायें।
सब कहते हैं चुप हो जाओ ,
पर, हम किसी के हाथ न आए।

आराध्या कालिया, कक्षा : चार

बेटी

जब- जब जन्म लेती है बेटी ,
खुशियाँ साथ लाती है बेटी।
ईश्वर की सौगात है बेटी ,
सुबह की पहली किरण है बेटी।
तारों की शीतल छाया है बेटी ,
आँगन की चिड़िया है बेटी ,
त्याग और समर्पण सिखाती है बेटी ,
नए -नए रिश्ते बनाती है बेटी।
जिस घर जाए , उजाला लाती है बेटी ,
बार – बार याद आती है बेटी।
बेटी की कीमत उनसे पूछो ,
जिनके पास नहीं है बेटी।

कनुश्री, कक्षा : 2

मेरा विद्यालय

जन्नत से भी बढ़कर है ,
मेरे लिए मेरा विद्यालय।
पहला स्कूल भले हो परिवार ,
लेकिन विद्यालय में मिले अच्छे विचारों से,
आ जाती है संस्कारों में बहार।
मेरी कक्षा का नाम है चार ,
और मेरी प्राचार्या जी का नाम है
श्रीमती स्वाति अग्रवाल।
सारे जहान से अच्छा है हिन्दुस्तान ,
मेरे लिए हैं मेरा विद्यालय महान।

देवकृत कुमार ओझा, कक्षा : चार

मैं एक छोटा बच्चा हूँ

थोड़ा अक्ल का कच्चा हूँ।
के.वि. एस. की कक्षा चार में पढ़ता ,
लिखने – पढ़ने में, मैं अच्छा हूँ।
मैं एक छोटा बच्चा हूँ।
नानी का मैं राजा , बाबा का मैं छइया हूँ ,
आकाश चाचा का मैं गणेश ,
काका का मैं भईया हूँ।
पापा का बेटा, माँ का कुच्चा,
मैं एक छोटा बच्चा हूँ।
खेलता -कूदता और शरारत करता ,
माँ की डांट से मैं बचता हूँ।
मैं एक छोटा बच्चा हूँ ,
थोड़ा अक्ल का कच्चा हूँ।
मैं गणेशा, जीवो से प्यार करता हूँ।
हाथी, मेरी पसंद , मैं तो छोटा बच्चा हूँ।

प्रथमेश, कक्षा : चार

सेब

सभी फलों में सेब है न्यारा ,
लाल – लाल सा , प्यारा – प्यारा।
एक सेब है रोज़ जो खाता,
बीमारी को दूरभगाता।
मम्मी मुझको सेब दिला दो ,
सेब नहीं तो जूस पिला दो।

अंश शर्मा, कक्षा : तीन

पेड़ हमारे साथी हैं

पेड़ हमारे साथी हैं|
छाया हमको देते हैं,
बाढ़ से हमे बचाते हैं ,
मीठे फल भी देते हैं |
पेड़ कितने जरूरी हैं ,
फिर भी बेचारे कटते हैं |
हम भी पेड़ लगाएंगे ,
संसार को हरा भरा बनाएँगे |

सोनाक्षी शर्मा, कक्षा : 3

मैं

मैं हूँ मम्मी की दुलारी ,
लगती सबको प्यारी ,
गलती करूँ तो लगती
सबको न्यारी ,
मैं हूँ मम्मी की दुलारी |
सब मुझको लाड़ लड़ाते ,
कहते बड़ी हैं प्यारी |
पढ़ने में करती होशियारी ,
मैं हूँ मम्मी की दुलारी |

जीविका, कक्षा : चार

ध्वज

तीन रंग का नहीं वस्त्र ,
यह ध्वज देश की शान है |
हर भारतीयों के दिलों का,
स्वाभिमान है |
यही है गँगा, यही है हिमालय ,
यही हिन्द की जान है |
तीन रंगों में रंगा हुआ,
यह अपना हिन्दुस्तान है |

अर्नव कुमार, कक्षा : पाँच

जल

1. जल है तो जीवन है|
2. बिना जल के पृथ्वी पर जीवन असंभव है |
3. जल प्रकृति द्वारा मिला हुआ एक उपहार है |
4. जल पृथ्वी पर स्थित सभी जीवों एवं पेड़- पौधों के लिए आवश्यक है |
5. विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है|
6. जल का उपयोग पीने के लिए ही नहीं ,बल्कि , खाना बनाने,नहाने आदि कार्यों के लिए किया जाता है |
7. पृथ्वी का लगभग 73% हिस्सा जल से घिरा हुआ है |
8. पृथ्वी पर दो प्रकार के जल मौजूद हैं – खारा जल , मीठा जल |
9. पीने के लिए मीठे जल का उपयोग किया जाता है |
10. हमें हमेशा जल का सम्मान करना चाहिए , इसकी बर्बादी नहीं करनी चाहिए |

आराध्या भारती, कक्षा : तीन

खुश रहो

छोटी सी है ज़िन्दगी हर बात में खुश रहो...
जो चेहरा पास न हो, उसकी आवाज़ में खुश रहो...
कोई रूठा हो आपसे,
उसके अंदाज़ में खुश रहो....
जो लौट के नहीं आने वाले,
उनकी याद में खुश रहो...
कल किसने देखा है... अपने आज में खुश रहो...

हेमानी ठाकुर, कक्षा - दसवीं



बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ!

बेटी से रोशन ये आँगन
बेटी से ही अपनी पहचान,
हर लम्हे में खुशी घोलती
बेटी से ही अपनी शान।

शिक्षा -स्वास्थ्य-रोजगार
विज्ञान हो या संचार,
तेरी काबिलियत के आगे
नतमस्तक सारा संसार।

गाँव-शहर-कस्बों में
बेटी पढ़ती-बढ़ती जाए,
नई चेतना से आओ अब
अपना देश जगाएँ।

धूमधाम से जन्में बेटियाँ
पढ़कर ऊँचा कर दें नाम,
आओ बेटियों के सपनों में
भर दें मिलकर नई उड़ान।

दीक्षा, कक्षा दसवीं

ज़िन्दगी जीना सीखा रही थी

कल एक झलक ज़िंदगी को देखा,
वो राहों पे मेरी गुनगुना रही थी,
फिर ढूँढा उसे इधर उधर
वो आँख मिचौली कर मुस्कुरा रही थी,
एक अरसे के बाद आया मुझे क़रार,
वो सहला के मुझे सुला रही थी
हम दोनों क्यूँ ख़फ़ा हैं एक दूसरे से
मैं उसे और वो मुझे समझा रही थी,
मैंने पूछ लिया- क्यों इतना दर्द दिया
कमबख्त तूने,
वो हँसी और बोली- मैं जिंदगी हूँ पगले
तुझे जीना सिखा रही था।

कनिका जसवाल, कक्षा दसवीं

हिंदी

हिंदी है हम, वतन है हिन्दुस्तान हमारा,
कितना अच्छा व कितना प्यारा है ये नारा।
हिंदी में बात करें तो मूर्ख समझे जाते हैं,
अंग्रेजी में बात करें तो जैंटलमेल हो जाते।
अंग्रेजी का हम पर असर हो गया,
हिंदी का मुश्किल सफर हो गया।
देसी घी आजकल बटर हो गया,
चाकू भी आजकल कटर हो गया।
अब मैं आपसे इजाजत चाहती हूँ,
हिंदी की सबसे हिफाज़त चाहती हूँ।

नैन्सी, कक्षा दसवीं

शिक्षक

शि -शिखर तक ले जाने वाला
क्ष - क्षमा के भाव रखने वाला
क -कमजोर को तकतवर बनाने वाला

एक अच्छा शिक्षक हमें हमारे प्रश्न का उत्तर ना देकर, हमारे साथ मिलकर वो उत्तरों को खोजने की क्षमता बढ़ाता हो।

एक अच्छा शिक्षक ही असल मायने में अनुशासन का बीज विद्यार्थियों में रोपित करता है।

एक अच्छा शिक्षक स्वयं अनुशासन में रहकर अच्छे-बुरे में भेद न कर सभी को एक मचान पर लाने का प्रयास करता है। शिक्षक अच्छा होने से विद्यार्थी में पढाई के प्रति प्रेम पनपता है।

स्वाति, कक्षा दसवीं

बेटी अनमोल



बेटी अनमोल है ,
जिसका न कोई मोल है।
बेटी होती है पापा की दुलारी ,
बेटी होती है पापा की प्यारी।
बेटी होती है लक्ष्मी का रूप ,
जिसमें होता है लक्ष्मी का रूप।
बेटी ही है जो घर को मंदिर बनाती है ,
बेटी ही है जो संसार चलाती है।
बेटी है अनमोल ,
जिसका न कोई तोल।

आराध्या कालिया, कक्षा : चार

माँ



प्यारी जग से न्यारी माँ ,
खुशियाँ देती सारी माँ।
चलना हमें सिखाती माँ ,
मंजिल हमें दिखाती माँ।
सबसे मीठा बोल है माँ ,
दुनिया में अनमोल है माँ।
खाना हमें खिलाती है माँ ,
लोरी गाकर सुलाती है माँ।
प्यारी जग से न्यारी माँ ,
खुशियाँ देती सारी माँ।

मनीषा, कक्षा: पाँच

बच्चों की मुस्कान

मासुमियत-सी हँसी,
दिल को खुश कर जाती है।
उनकी खिलखिलाहट ,
हर गम को भुला जाती है।
दर्द कितना भी हो इस जहाँ में ,
बच्चों की मुस्कान ही हर ज़ख्म मिटा जाती है।

स्मृति, कक्षा : तीन

नींद

नींद चली जा अपने घर ,
मेरे पास न आओ तुम।
मुझे देनी है आज परीक्षा ,
कर दो मेरी इतनी रक्षा ,
यदि तुम मेरी आँखों में आई .
होंगे मेरे नंबर गोल।
मम्मी – पापा डांटेंगे ,
खुल जाएगी मेरी पोल।



हिमाक्षी, कक्षा : दो

मैं

थोड़ी नटखट , थोड़ी नादान हूँ मैं ,
परी हूँ मैं।
गुस्सा मुझे बहुत है आता , पर थोड़ी देर में भाग जाता।
घर में सबसे छोटी हूँ मैं ,
सबको बहुत प्यारी हूँ मैं।
नाचना -गाना, बहुत हैं भाता मुझे ,
इसलिए हर समय गुनगुनाती हूँ मैं,
परी हूँ मैं।

आराध्या वालिया, कक्षा : चार

गुरु महिमा

गुरु महान है , हमें देते जो ज्ञान हैं।
गुरु का सम्मान करना , अपनी ही शान है।
मेहनत की राह पर चलना सिखाते है,
जुनून की आग में जलना सिखाते हैं।
गुरु की इज्ज़त करना , अपना गौरव है।
गुरु सत्य है , गुरु ही पहचान है।
गुरु से शिक्षा है , शिक्षा से जहान है।

विराज वैद्य, कक्षा : पाँच

बेटियाँ

कलियों को खिलने दो , मीठी ख़ुशबू फ़ैलाने दो ,
बंद करो उनकी हत्या , जीवन ज्योति जलाने दो।
कलियाँ तोड़ी तुमने, फूल कहाँ से लाओगे,
बेटी की हत्या कर तुम बहू कहाँ से पाओगे ।

अश्रिता, कक्षा : पाँच

स्पोर्ट्स एंड गेम्स

आओ, आज में तुमको एक बात बतलाऊँ ,
खेल कितने महत्वपूर्ण हैं , यह तुमको समझाऊँ।
खेलों की दुनिया का जादू , खेल हमें सिखलाते,
खेलने से ही सभी लोग सेहत खूब बनाते।
खेल – खेल में जीवन के सब बिगड़े काम बन जाते ,
हार- जीत से ऊपर उठकर ,हम आदर्श बनाते।

मनीषा, कक्षा : पाँच

परीक्षा

यह परीक्षा की घड़ी है ,
यह अपनी भावनाओं, विचारों एवं धैर्य के
इम्तिहान की घड़ी है .....!
असफलताओं की चुनौती को सफलताओं में
परिवर्तित करने की घड़ी है .....!
जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ाव में उतार-चढ़ाव से
इम्तिहान लेने की घड़ी है ....!
अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन से परीक्षा जैसे जिंदगी के महत्वपूर्ण पड़ाव को
पार करने की घड़ी है .....!

विभूति, कक्षा - दसवीं

शिक्षक

जीवन में जो राह दिखाए,
सही तरह चलना सिखाए।
माता–पिता से पहले आता,
जीवन में सदा आदर पाता।
सबको मान प्रतिष्ठा जिससे,
सीखी कर्तव्यनिष्ठा जिस से।
कभी रहा न दूर मैं जिससे,
वह मेरा पथ दर्शक कहलाता।
मेरे मन को वह भाता,
वह मेरा शिक्षक कहलाता।
कभी है शांत, कभी है धीर,
स्वभाव में सदा गंभीर,
मन में दबी रहे ये इच्छा,
काश मैं उन जैसा बन पाती,
जो मेरा शिक्षक कहलाता।

तमन्ना ठाकुर, कक्षा दसवीं

बेटियाँ

घर की जान होती हैं बेटियाँ
पिता का गुमान होती हैं बेटियाँ
ईश्वर का आशीर्वाद होती हैं बेटियाँ
यूँ समझ लो कि बेमिसाल होती हैं बेटियाँ

बेटों से ज्यादा वफादार होती हैं बेटियाँ
माँ के कामों में मददगार होती हैं बेटियाँ
माँ-बाप के दुःख को समझे, इतनी समझदार होती हैं बेटियाँ
असीम प्यार पाने की हकदार होती हैं बेटियाँ

बेटियों की आँखे कभी नम ना होने देना
जिन्दगी में उनकी खुशियाँ कम ना होने देना
बेटियों को हमेशा हौसला देना, गम ना होने देना
बेटा-बेटी में फर्क होता हैं, ख़ुद को ये भ्रम ना होने देना

सुहानी शर्मा, कक्षा दसवीं

पढ़ाई करने के नियम:



·एक लक्ष्य जरूर चुनें
·हमेशा नियमित आत्म परीक्षण दें
·परीक्षा के पहले पढ़ाई पर निर्भर ना रहें
·हमेशा मन को शांत रखें
·परीक्षा के आखिरी दिनों में दोहराई के लिए समय बचा कर रखें
·टाइम टेबल बनाएं
·क्लास डिस्कशन में भाग लें
·पढ़ाई करते समय बीच में थोड़ा सा विश्राम करें
·किसी की भी सहायता लेते समय शर्माना नहीं चाहिए
·पढ़ाई करने से पहले उसका टाइम टेबल बनाएं
·पढ़ाई को बोझ ना बनाएं
·अभ्यास समूह में करने की कोशिश करें

कृतिका शर्मा, कक्षा दसवीं

हिंदी भाषा

प्रकृति की पहली ध्वनि ओम है
मेरी हिंदी भाषा भी इसी ओम की देन है।
देवनागरी लिपि है इसकी
इसकी कलम से उपजी बंगला, गुजराती, भोजपुरी,
डोगरी, पंजाबी और हिंदी है इन सब की जननी।
प्रकृति की हर चीज अपने में संपूर्ण है
मेरी हिंदी भाषा भी अपने में संपूर्ण है
जो बोलते हैं वही लिखते हैं मन के भाग सही उभरते हैं।
हिंदी भाषा ही तुम्हें प्रकृति के समीप ले जाएगी,
मन की शुद्धि तन की शुद्धि सहायक यह बन जाएगी।
कुछ हवा चली है ऐसी यहाँ
कहते हैं इस मातृभाषा को बदल डालो।
बदल सको क्या तुम अपनी माता को?
मातृभाषा का क्यों बदलाव करो
देवों की भाषा का क्यों तुम तिरस्कार करो।
बदल सको तो तुम अपनी सोच को बदल डालो
हर एक भाषा का तुम दिल से सम्मान करो
हिंदी की जड़ों पर आओ हम गर्व करें
हिंदी भाषा पर आओ हम गर्व करें।

वंशिता, कक्षा दसवीं

के.वि.एस.

के.वि.एस. की महिमा,लगती निराली हमें, बांधती है अपने बंधन में सबको।
इसकी पढ़ाई देती, संपूर्ण ज्ञान हमें निखारती,सभी कलाएँ बच्चों में।
कभी बाल मेला, कभी हाइक पर बच्चे, कभी पोलियो कैंप , कभी स्काउट कैंप।
कभी ट्रेनिंग कैंप,कभी करियर गाइडेंस, कभी बच्चों को ये ट्रैकिंग पर ले जाते हैं।
कभी वॉटर स्पोर्ट्स, कभी ओलंपियाड, सभी खेलों की स्पोर्ट्स मीट ये कराते हैं।
शिक्षकों की योग्यता,इनकी विधा से दिखे बच्चों को यह इंजीनियर,डॉक्टर बनाते हैं।
नेता,अभिनेता,सभी प्रकार के चरित्र विद्यालय में ये,रोज ही दिखाते हैं।
कराते हैं ये पार्लियामेंट,स्कूल प्रांगण में बच्चों में ये नेतृत्व की भावना जगाते हैं।
पुस्तकालय भी होते हैं इनके नंबर वन, जहां बच्चों को,ज्ञान का भंडार मिल जाता है।
प्रोजेक्ट हो, या हो असाइनमेंट क्षण भर में,यहां पूरे हो जाते हैं।
ज्ञान का प्रसार,करते ये लाइब्रेरियन ज्ञान के मसीहा के,रूप में जाने जाते हैं।
कम फीस,अच्छी सुविधा का वादा राष्ट्रपति,स्काउट-गाइड ये बनाते हैं।
ऊंची-ऊंची बिल्डिंग,खुला मैदान देखो धरती पर स्वर्ग ,उतार ये लाए हैं।
शिक्षा पर शोध,यहां का नारा है सारा विश्वकर्मा परिवार हमारा है।
धार्मिक एकता,अखंडता, सांप्रदायिक एकता,उद्देश्य हमारा है।
बच्चे सहयोग करें,बाढ़ पीड़ितों के लिए भूकंप पीड़ितों के लिए,दंगा पीड़ितों केलिए।
समाज की सेवा करना,यहां बच्चों को सिखाते हैं राष्ट्र समर्पण की,भावना जगाते हैं।
के.वि.एस. की महिमा,लगती निराली हमें, बांधती है अपने बंधन में सबको।

इतिश्री शर्मा, कक्षा दसवीं

पर्यावरण

व्यक्ति अपने पर्यावरण में निवास करता है। वह अपने पर्यावरण का एक हिस्सा होता है। पर्यावरण में होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से वह बहुत प्रभावित होता है। इसलिए ज़रूरी है कि हमारा पर्यावरण साफ़-सुथरा रहे। पर्यावरण में किसी प्रकार का असंतुलन न उत्पन्न हो जाए। दुर्भाग्यवश कई कारणों से वर्तमान समय में हमारे पर्यावरण में असंतुलन आ गया है। जल, वायु, मिट्टी, वन जैसे प्राकृतिक तत्व प्रदूषित हो रहे हैं। इसका परिणाम है जलवायु में परिवर्तन, जैव विविधता के लिए संकट, बाढ़, सूखा और स्वास्थ्य संबंधी अनेकानेक समस्याएँ । अतः हमें अपनी गतिविधियों को नियंत्रित करना होगा जो पर्यावरण को तरह-तरह से बिगाड़ रहे हैं। हमें अपने चारों ओर की आबोहवा को शुद्ध रखना होगा। हमें जल और वायु की शुद्धता बनाए रखने के प्रयास करने होंगे। वनों को नष्ट होने से रोकना होगा तथा वन्य जीवन के संरक्षण के प्रयास करने होंगे। अपने पर्यावरण को सही दशा में बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का परम कर्त्तव्य है।

वंशिता, कक्षा दसवीं

विवेकानंद की परीक्षा

स्वामी विवेकानंद को पूर्व और पश्चिमी संस्कृति दोनों का व्यापक ज्ञान था। उनके पास शानदार बातचीत करने का कौशल, और गहरी आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि थी। जिसके कारण 1893 में उन्हें विश्व धर्म संसद में हिंदू धर्म को प्रस्तुत करने के लिए चुना गया था, जो शिकागो में आयोजित किया था। शिकागो जाने से एक दिन पहले उनकी मां ने उन्हें रात को खाने के लिए बुलाया। विवेकानंद ने अपनी मां के प्यार के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। रात को खाने के बाद उसकी मां ने उसे एक कटोरी फल और उसे खाने के लिए चाकू दिया। विवेकानंद ने फल खाने के बाद उसकी मां ने कहा, "बेटा, क्या तुम मुझे चाकू दे सकते हो?" विवेकानंद ने तुरंत अपनी मां को चाकू दे दिया। चाकू मिलने के बाद, उसकी माँ ने जवाब दिया, "बेटा, तुमने मेरी परीक्षा पास कर ली है। आपकी यात्रा के लिए मेरा आशीर्वाद है।" विवेकानंद मां की प्रतिक्रिया से आश्चर्यचकित थे। उन्होंने सवाल किया, "लेकिन मां आपने मेरा परीक्षा कब और कैसे ली ?" उसकी मां ने मुस्कुराते हुए कहा, "बेटा, जब मैं तुमसे चाकू देने के लिए कहा था, तो तब तुम्हारी परीक्षा थी। तुमने मुझे उसकी धार पकड़ते हुए चाकू दिया। और चाकू का कड़ा मेरी और रख दिया ताकि मुझे चोट ना लगे। इसका मतलब है, आप खुद के बजाय दूसरे के बारे में सोचते हैं और ऐसा व्यक्ति, जो दूसरे के भलाई के बारे में सोचता है, उसके पास दुनिया को प्रचार का अधिकार है।

नैतिक शिक्षा : यह प्रकृति का नियम है कि आप जितना अधिक निस्वार्थ होंगे, उतना ही अधिक प्राप्त करोगे।

रिधिमा शर्मा, कक्षा दसवीं

विज्ञान

आज का युग विज्ञान का युग है। आज हर जगह सिर्फ विज्ञान का ही बोलबाला है। कलम से लेकर लैपटॉप तक सब कुछ विज्ञान की ही देन है। आज हम सौ फीसदी विज्ञान पर ही आश्रित हैं। नित नये वैज्ञानिक अविष्कारों को देखते हुए यह अत्यंत प्रमुख एवं महत्वपूर्ण विषय बन गया है। जब हम पीछे मुड़कर देखते है तो पाते है कि विज्ञान की दुनिया ने कितनी तरक्की कर ली है। दुनिया गैजेट्स और मशीनरी से भरी पड़ी है। मशीनरी हमारे परिवेश में सब कुछ करती है। यह कैसे संभव हुआ? हम इतने आधुनिक कैसे हो गए? यह सब विज्ञान की मदद से ही संभव हुआ। विज्ञान ने हमारे समाज के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। इसके अलावा, विज्ञान ने हमारे जीवन को आसान और आलसी बना दिया है।विज्ञान ने हमारे जीवन में कई बदलाव किए हैं। सबसे पहले, परिवहन की मदद से अब लंबी दूरी तय करना आसान हो गया है। इसके अलावा, यात्रा का समय भी कम हो जाता है। विभिन्न तीव्र-गति वाहन इन दिनों उपलब्ध हैं। ये वाहन पूरी तरह से हमारे समाज का रूप बदल रहे हैं। विज्ञान ने भाप इंजन को विद्युत इंजन में परिवर्तित किया है।पहले के समय में लोग साइकिल से यात्रा करते थे। लेकिन अब हर कोई मोटरसाइकिल और कारों पर यात्रा करता है। इससे समय और मेहनत बचती है। और यह सब विज्ञान की मदद से संभव है। विज्ञान ने हमें चाँद तक पहुँचाया। यह सिलसिला यही थमा नहीं है। इसने हमें मंगल की भी एक झलक दी। यह सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

यह केवल विज्ञान के कारण संभव हुआ। इन दिनों वैज्ञानिक कई उपग्रह बनाते हैं। जिसकी वजह से हम हाई-स्पीड इंटरनेट का इस्तेमाल कर पा रहे हैं। यहां तक कि हमें इसके बारे में जानकारी हुए बिना ही ये उपग्रह दिन-रात पृथ्वी की परिक्रमा करते रहते हैं।

अन्वी शर्मा, कक्षा आठवीं

कहानी

एक गांव में एक बुद्धिमान व्यक्ति रहता था उसके पास 19 ऊँट थे |एक दिन उसकी मृत्यु हो गई मृत्यु के पश्चात वसीयत पढ़ी गई जिसमें लिखा था कि मेरे 19 ऊंटों में से आधे मेरे बेटे को, उसका एक चौथाई मेरी बेटी को और उसका पांचवा हिस्सा मेरे नौकर को दे दिए जाएं। सब लोग चक्कर में पड़ गए कि यह बंटवारा कैसे हो 19 ऊँटों का आधा अर्थात एक ऊंट काटना पड़ेगा फिर तो ऊँट ही मर जाएगा ? चलो एक को काट दिया जाए तो बचे 18, उनका एक चौथाई साढे चार साढे चार फिर 22 होना चाहिए था | सब बड़ी उलझन में थे फिर पड़ोस के गांव में से एक बुद्धिमान व्यक्ति को बुलाया गया |वह बुद्धिमान व्यक्ति अपने ऊँट पर चढ़कर आया और समस्या सुनी |थोड़ा दिमाग लगाया, फिर बोला इन 19 ऊँटो में मेरा भी ऊँट मिलाकर बांट दो | सब ने पहले तो सोचा कि एक वह पागल था जो ऐसी वसीयत करके चला गया और एक यह पागल दूसरा आ गया, जो बोलता है कि इसमे मेरा भी ऊँट मिलाकर बांट दो |

फिर भी सबने सोचा बात मान लेने में क्या हर्ज है 19+1=20 हुए| 20 का आधा 10 बेटे को दिए गए, 20 का चौथाई 5 बेटी को दिए गए, 20 का पांचवा हिस्सा चार नौकर को दिए गए ! 10+5+4= उन्नीस हो गए, बच गया 1 ऊँट तो जो बुद्धिमान व्यक्ति का था, वह उसे लेकर अपने गांव लौट आया |

इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हम सबके जीवन में पांच ज्ञानेंद्रियां, पांच कर्मेन्द्रियां, पांच प्राण और चार अंतःकरण (चतुष्टय मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार) कुल 19 ऊँट होते हैं। सारा जीवन मनुष्य इन्हीं के बंटवारे में उलझा रहता है और जब तक उसमें आत्मा रूपी ऊँट को नहीं मिलाया जाता यानी कि आध्यात्मिक जीवन (आध्यात्मिक बुद्धिमता) नहीं मिलाया जाता, तब तक सुख, शांति, संतोष और आनंद की प्राप्ति नहीं हो सकती !

हेमानी ठाकुर, कक्षा दसवीं

बदलती तस्वीरें

हर तस्वीर" की भी, तकदीर होती है । कोई दिल में बस्ती है, कोई दीवार पर होती है ॥

पुरानी एक किताब के, पन्नों को जो टटोला । उसमें रखी तस्वीर" ने, यादों का पिटारा खोला ॥

सीने में जब-जब, सांसों को भरती हूं। तब-तब तेरी यादों की, गलियों से गुज़रती हूं ॥

जाने कब तुम चुपके से, ये तस्वीर" यूं रख दिये । मीठी–मीठी यादों को, किताबी पन्नों से ढक लिये ॥

समय की धूल जैसे–जैसे, गुजरे वक्त के पन्नो पे जमी । कम होने लगी धीरे–धीरे, यादों से आँखों की नमी ॥

सिर्फ मैं ही नहीं, देखती है मुझे ये तस्वीर" भी । यादों के झरोखों से देख, बदल रही है मेरी तकदीर भी॥

तू क्या जाने तेरी यादें, कितना मुझे रुलाई हैं । तस्वीर" तेरी मेरे दिल में समाई, किताब में सिर्फ आज नज़र आई है

विशाल राणा, कक्षा दसवीं

उमड़ती लड़कियां

हवाओं-सी बन रही हैं लड़कियां
उन्हें बेहिचक चलने में मज़ा आता है
उन्हें मंजूर नहीं बेवजह रोका जाना।
फूलों-सी बन रही हैं लड़कियां
उन्हें महकने में मज़ा आता है
उन्हें मंजूर नहीं बेदर्दी से कुचला जाना।
परिंदो-सी बन रही हैं लड़कियां
उन्हें बेखौफ उड़ने में मज़ा आता है
उन्हें मंजूर नहीं उनके परों का काटा जाना।
पहाड़ों-सी बन रही हैं लड़कियां
उन्हें सर उठा जीने में मज़ा आता है
उन्हें मंजूर नहीं सर को झुका कर जीना।
सूरज-सी बन रही हैं लड़कियां
उन्हें चमकने में मज़ा आता है
उन्हें मंजूर नहीं पर्दो में ढका जाना।

कृतिका शर्मा, कक्षा दसवीं

प्रकृति

हरे-हरे खेतों में
बरस रही हैं बूंदे
खुशी- खुशी से आया सावन
भर गया मेरा आंगन।
ऐसा लग रहा है जैसे
मन की कलियां खिल गई वैसे
ऐसा कि आया बसंत
लेकर फूलों का जश्न।
धूप से प्यासी मेरे तन को
बूंदों ने दी ऐसी अंगड़ाई
कूद पड़ा मेरा तन-मन
लगता है मैं हूं एक दामन
यह संसार है कितना सुंदर
लेकिन लोग नहीं उतने अक्लमंद
यही है एक निवेदन
ना करो प्रकृति का शोषण।

राहुल कुमार, कक्षा दसवीं

संभल जाओ ऐ दुनिया वालो

संभल जाओ ऐ दुनिया वालो
वसुंधरा पे करो घातक प्रहार नहीं।
रब करता आगाह हर पल
प्रकृति पर करो घोर अत्याचार नहीं।।
लगा बारूद पहाड़, पर्वत उड़ाए
स्थल रमणीय सघन रहा नहीं।
खोद रहा खुद इंसान कब्र अपनी
जैसे जीवन की अब परवाह नहीं।।
लुप्त हुए अब झील और झरने
वन्य जीवों को मिला मुकाम नहीं।
मिटा रहा खुद जीवन के अवयव
धरा पर बचा जीव का आधार नहीं।।
नष्ट किये हमने हरे भरे वृक्ष,लताएं
दिखे कही हरयाली का अब नाम नहीं।
लहलहाते थे कभी वृक्ष हर आँगन में
बचा शेष उन गलियारों का श्रृंगार नहीं।
कहा गए हंस,कोयल और गोरैया
गौ माता का घरो में स्थान रहा नहीं।
जहाँ बहती थी कभी दूध की नदियां
कुएं,नलकूपों में जल का नाम नहीं।।
तबाह हो रहा सब कुछ निश् दिन
आनंद के अलावा कुछ याद नहीं
नित नए साधन की खोज में
पर्यावरण का किसी को रहा ध्यान नहीं।।
विलासिता से शिथिलता खरीदी
करता ईश पर कोई विश्वास नहीं ।।
भूल गए पाठ सब रामायण गीता के,
कुरान,बाइबिल किसी को याद नहीं ।।
त्याग रहे नित संस्कार अपने
बुजुर्गों को मिलता सम्मान नहीं ।।
देवी की इस पवन धरती पर
बचा धर्म-कर्म का नाम नहीं ।।
संभल जाओ ऐ दुनिया वालो
वसुंधरा पे करो घातक प्रहार नहीं।
रब करता आगाह हर पल
प्रकृति पर करो घोर अत्याचार नहीं।।

विशाल राणा, कक्षा दसवीं

आज़ादी का अमृत महोत्सव





75 लाख पोस्ट कार्ड लेखन अभियान

के. वि. स. स्थापना दिवस 2021

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय अपपठन जागरूकता माह

CORONA VACCINATION CAMPS FOR STUDENTS



Vaccination Camps for students

Dose 1: Jan. 03, 2022 (15-18 Years)

Dose 2: Feb. 03, 2022 (15-18 Years)

Dose 1: March 26, 2022 (12-14 Years)

All Remaining Age Groups:April 02, 2022

शिक्षक की कलम से

"बेटी"

तुम नटखट , नादान हो,
प्यारी , मेरी मुस्कान हो।
तुम जो प्यारी- प्यारी बातें करती हो ,
ढेर सारी बातें करती हो ,
कहाँ से लाती हो इतनी बातें!
तुम धूप में छाँव हो ,
मेरी दादी माँ हो।
तुम नटखट , नादान हो,
प्यारी , मेरी मुस्कान हो।

अंकुश कुमार , प्राथमिक अध्यापक

An Ode to the Dear Departed Soul

Oh! Dear departed soul
You left behind them,
You never recall them,
Look down once, only for them.

Oh! Dear departed soul
See! Their eyes are full of tears,
Do produce a pleasant voice for their ears,
Let them see your face, they are your dears.

Oh! Dear departed soul
Look at them, how they are living without you,
Look at them, how they are waiting for you,
Look at them, how they are missing to you.

Oh! Dear departed soul
You never know their anguish and pain,
You never know their grief and strain,
You never know their affliction and mourning brain.

Ashok Kumar TGT English

मशीनी मानव

21 वीं सदी अनोखी है दोस्त,
इसमें मानव मानव का न होगा दोस्त
इसमें मशीने होगी मानव की दोस्त
इसमें मानव मानव का न होगा दोस्त

जिसमें एक अनोखा संसार बनेगा दोस्त
जिसमें सिमट जाएगा संसार सारा
इसमें मानव मानव का न होगा सहारा
यह अकेला रहेगा बेचारा
करेगा मशीनों की गुलामी बेसहारा

मानव मानव को देखकर बनेगा अँधा
मानव मानव का होगा हत्यारा
जिसमें होगा मशीनों का हाथ सारा

21 वीं सदी होगी चकाचौंध से भरी
जिसमें होगी रूपहली संस्कृति सारी
इसमें होगा नवनिर्माण सारा
मानव बनेगा मशीनों जैसा
मशीने बनेगीं मानव जैसी
जिससे बनेगा नव संसार सारा
यह होगा संसार अनोखा सारा
इसमें मानव को मानव न होगा सहारा
जिसमें भूलेगा रिश्ते- नातों का बंधन प्यारा
इसमें मानव मानव का न होगा सहारा

मनीष कुमार, प्राथमिक अध्यापक

आधुनिक युग और पुस्तकालय

पुस्तकालय किसी भी मनुष्य की जिंदगी में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। पुस्तकालय में रखी किताबें ही मानव की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। बोली गयी बात तो कुछ ही पल तक अपना अस्तित्व रख पाती है लेकिन लिखी गयी बात तो सदा के लिए हमारे मध्य विद्यमान रहती हैं । जो ज्ञान हमें अलग-अलग जगह जाकर मिलता है। वो ज्ञान हम किसी ओर के अनुभवों से उसकी लिखी किताब से पा सकते हैं। जैसे दूसरों की गलतियों से सीखना चाहिए वैसे ही हमे सफलता पाने के लिए दूसरों के तरीकों को भी अपनाना चाहिए।

आधुनिक इन्टरनेट के युग में भी पुस्तकों का अपना महत्व है। पुस्तकें ज्ञान की भंडार है। वे हमारी सबसे अच्छी मित्र है। पुस्तकों का महत्व कभी कम नहीं हुआ है। पुस्तकें मनुष्य की सर्वश्रेष्ठ व सर्वाधिक विश्वसनीय मित्र है। इनमें वह शक्ति हैं जो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है तथा कठिन से कठिन समस्याओं के हल के लिए बल प्रदान करती है। जिस व्यक्ति को पुस्तकों से लगाव है वह स्वयं को कभी कमजोर अनुभव नहीं कर सकता है। पुस्तकें मनुष्य के आत्मबल का सर्वश्रेष्ठ साधन है। मनुष्य के ज्ञानार्जन एवं बुद्धि के विकास के लिए पुस्तकों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक हैं।

किसी भी राष्ट्र या समाज के उत्थान एवं विकास में पुस्तकालयों का अपना महत्व है। पुस्तकालयों में एक ही विषय पर अनेक लेखकों एवं प्रकाशकों की पुस्तकें उपलब्ध होती है। पुस्तकालय ज्ञानार्जन का एक प्रमुख स्त्रोत है। पुस्तकालय हमारे राष्ट्र की अनुपम धरोहर है। सृष्टि की उत्पत्ति का आधार ग्रंथ हैं । शब्द हमारे गुरू हैं । यह हमारे भारत की परंपरा हैं । यह हमारी संस्कृति हैं । नई तकनीक ने रीडिंग हैबिट की कमी विकसित की है ।आजकल पाठकों की संख्या में कमी हो रही है,उन्होंने कुछ और तरीके मनोरंजन के निकाल लिए हैं । इंटरनेट पुस्तक का विकल्प नहीं हो सकता । इसके माध्यम से कुछ और जानकारियों की बढोतरी हुई है । जरूरी साधन आ गए, जिसके माध्यम से हमारी जरूरतें सुविधाजनक हो गई । इसका श्रेय तकनीक को जाता है, लेकिन बच्चों की कल्पनाशक्ति को विस्तार आज भी पुस्तकें ही देती हैं । यह सुविधा और विकल्प इंटरनेट नहीं दे सकता, तभी तो कहा गया है कि पुस्तकों का महत्त्व सदा से रहा है।

पुस्तकें हमारे जीवन में श्रेष्ठ समय का निर्माण करती हैं । हम यह भी जानते हैं कि इंटरनेट के युग में ऐसी सूचनाएं भी मिल रही हैं, जिसकी कोई आवश्यकता नहीं । विज्ञापन और अश्लील सामग्री ध्यान भटकाने का काम करते हैं जिससे पथभ्रष्ट होने का खतरा बना रहता है । इंटरनेट में एक ऐसा आकर्षण है जिसके पीछे नई पीढ़ी ने अपना समय लगा दिया, वह उसके नशे से उभरना नहीं चाहती । आज नई पीढ़ी को घबराने की आवश्यकता नहीं है, संभल कर चलने की आवश्यकता है । इसके प्रति हमें यह देखना होगा कि हमारा लक्ष्य कितना समर्पित भाव लिए हुए है. ऐसा भी नहीं है कि इस तंत्र से छापेखाने को कोई खतरा नहीं है । यदि आपकी मित्र पुस्तक हैं तो आपको किसी और की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । पुस्तकों को अपने जीवन में जितने भी महापुरुष मिले हैं, उनकी जीवनियां पढ़कर मनुष्य अपना विकास कर सकता है । लेकिन यह भी सत्य है कि आज इंटरनेट हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग बन चुका है। आज यदि इस तकनीक का हम ज्यादा उपयोग करेंगे तो हमें इसकी आदत लगने की संभावना है। इस आदत से हमें बचने की आवश्यकता है।

भाषा का विकास देखें तो उसके पीछे पत्थर, तांबे के पत्र उदाहरण हैं। आज ई-पुस्तक हमारे सामने है । आज इंटरनेट के युग में धीरे-धीरे पुस्तक खत्म हो जाएंगी, यह डर लोगों को सता रहा था, लेकिन यह बात मिथ्या ही साबित हुई है । ई-पुस्तक की खासियत है कि आज सैंकड़ों

किताबें ई-पुस्तक में समा गई हैं। यह परंपरागत पुस्तकों से सस्ती भी है। इसका फैलाव ज्यादा किया जाना उचित है ।आज देखना यह है कि आज तीस प्रतिशत लोग नेट के माध्यम से इस तकनीक का लाभ उठा रहे हैं । शिकागो में एक रिसर्च हुई कि पुस्तकों की तुलना में ई-बुक्स पढ़ना ज्यादा तर्कसंगत है । यह माध्यम ज्यादा सुविधाजनक भी है, यह आसानी से कैरी किया जा सकता है और स्थान भी कम घेरती है । दूसरी बात यह देखिए किताबों को तैयार करने के लिए कितने पेड़ों को काटना पड़ेगा, लेकिन नई तकनीक सेफ है । ई-बुक्स की एक कमी है इसका उपयोग करने से एकाग्रता में कमी आती है । आज भी पुस्तकों का अपना महत्व है, जिसकी खुशबू आज भी आनंदित करती है, यह महक ई-बुक्स में कहां सम्भव! आज भी अगर बिजली और इन्टरनेट नेटवर्क में बाधा पड़ जाये तो भौतिक रूप में पुस्तकें आज भी प्रासंगिक हैं । ज्ञान को आत्मसात करने के लिए कोई भी माध्यम आज पुस्तक के समान नहीं है । पुस्तक को अपनी सुविधानुसार कहीं भी पढ़ सकते हैं , यह माध्यम नई तकनीक में सम्भव नहीं । पुस्तक अपने आप में महत्वपूर्ण है।

लेकिन हमें यह वास्तविकता समझ लेनी चाहिए कि आज जो भी संसाधन हमें इन्टरनेट के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं वो विश्व के कोने-कोने से बड़े -बड़े डिजिटल पुस्तकालय और डेटाबेस केंद्रों से नेटवर्क के माध्यम से एक क्लिक में हम तक पहुँच रहे हैं । जो सेवायें पुस्तकालय एक क्षेत्र बिशेष तक पहुंचा रहे थे । वो आज इन्टरनेट रूपी तकनीक से विश्व के हर कोने में बड़ी सुगमता से मिल रही हैं । अंत में हम कह सकते हैं की इन्टरनेट का आविष्कार पुस्तकालयों का पर्याय नहीं बल्कि पुस्तकों को हर मनुष्य तक पहुँचानें में एक महत्वपूर्ण साधन है ।

अनूप सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष

Mount Kailash – The Pillar of the World

Mount Kailash is standing at a height of 21,000 ft. above sea level, Mount Kailash is a home to several mysteries. From the question if it is Shiva's abode to housing magical lakes this place has kept us wondering since forever. The Tibetans believe it to be the abode of their meditational deity Demchog while the Jains believe that it was the place where their first Tirtankar attained Nirvana. These different beliefs and perspectives makes it more mysterious.

The mountain keeps changing its location is what the people who have tried climbing it have stated. Every expedition to reach the peak have reported that it continuously changes positions. The peak was never found. The mystery does not end here. Manasarovar Lake shaped like the sun changes color from blue in the shores to emerald green in the center. The lower lake called Rakshas Tal is in the shape of a crescent moon. Both these lakes represent positive and negative energies respectively.

Mount Kailash is called Axis Mundi. The axis of the world providing connection between physical and spiritual worlds. Scientifically, it is on the axis of the Earth. People believe this is keeping all life alive and maintaining the atmosphere. It is in synchronization with the Earth poles and located exactly 6666 km from the ancient monument of Stonehenge, United Kingdom.

According to some ancient text, no one allowed to climb at the top of Mount Kailash. And who dare to climb to see the face of God will be put to death. And due to its religious significance, government don't allow anyone to climb it.

VIJAY KUMAR, TGT SOST

FUN WITH MATHEMATICS

(Find the error)

Prove that 2=1

Let $x = y$

Multiply both side by x

$x2 = xy$

Subtract y2 both side

$x2 - y2 = xy - y2$

using $a2-b2= (a+b)(a-b)$ in LHS and take y common from RHS

$(x+y)(x-y) = y (x -y)$

Divide both side by (x-y)

$x+y = y$

As $x=y$ (initially we have taken)

$2x = x$

Divide both side by x

$$\frac{2x}{x} = \frac{x}{x}$$

Therefore 2 = 1

Hence Proved.

Rajeev Kumar Vaidya, PGT Maths

संस्कृत भाषाया: महत्वम्

सम्यक् परिष्कृतं शुद्धमर्थाद् दोषरहितं व्याकरणेन संस्कारितं वा यत्तदेव संस्कृतम्। एवञ्च सम्-उपसर्गपूर्वकात् कृधातोर्निष्पन्नोऽयं शब्द संस्कृतभाषेति नाम्ना सम्बोध्यते। सैव देवभाषा गीर्वाणवाणी, देववाणी, अमरवाणी, गीर्वागित्यादिभिर्नामभिः कथ्यते। इयमेव भाषा सर्वासां भारतीयभाषाणां जननी, भारतीयसंस्कृतेः प्राणस्वरूपा, भारतीयधर्मदर्शनादिकानां प्रसारिका, सर्वस्विपि विश्वभाषासु प्राचीनतमा सर्वमान्या च मन्यते। अस्माकं समस्तमपि प्राचीनं साहित्यं संस्कृतभाषायामेव रचितमस्ति, समस्तमपि वैदिक साहित्यं रामायणं महाभारतं पुराणानि दर्शनग्रन्थाः स्मृतिग्रन्थाः काव्यानि नाटकानि गद्य-नीति-आख्यानग्रन्थाश्च अस्यामेव भाषायां लिखिताः प्राप्यन्ते। गणितं, ज्योतिषं, काव्यशास्त्रमायुर्वेदः, अर्थशास्त्रं राजनीतिशास्त्रं छन्दःशास्त्रं ज्ञान-विज्ञानं तत्वजातमस्यामेव संस्कृतभाषायां समुपलभ्यते। अनेन संस्कृतभाषायाः विपुलं गौरवं स्वमेव सिध्यति।

विपन कुमार, प्र.स्ना.शिक्षक संस्कृत

Sports is the Preserver of Health

Sports is an integral part of education. Education without sports is incomplete. Games and sports gives us opportunity to grow in life. Games and sports are the means of mental and physical growth. During games and sports we learn how to maintain mental balance in the midst of hopes and despair. We learn how to tackle difficult situations. Sports develop sense of discipline, friendliness, team spirit, cooperation, desired to help others, public relations, loyalty, honesty, patients etc.

Sports helps in developing mental and physical toughness.

Our vidyalaya under the leadership of worthy principal Mrs Swati Agarwal is also focusing on the health and wellbeing of students through participation in games,sports and yoga. Here is a look of different activities that we had conducted/ conducting for the students and teachers time to time.

* Indian dances celebrating AKAM with integrated fitness
*Free hand exercises and mass PT.
*Debates symposium lectures related to fitness.
*Quiz on fitness.
*Essay on poem writing on fitness.
*Indigenous games of India
*Session on the importance of eat right
*Yoga and meditation.
*Brain games or mental health awareness.
*Celebration of annual sports day.
*Tag of war.
*Selecting fit boy, fit girl, fit teacher, male and fit teacher, female of the school through physical activities.
*Participation of all students in 750 crore Surya namaskar drive.
*Shramdan by the students.

"A FIT, HEALTHY BODY --- THAT IS THE BEST FASHION STATEMENT"

Sandeep Katoch
TGT,PHE



शिक्षा और शिक्षक

एपीजे अब्दुल कलाम साहब का नाम जब भारत के राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया और उनके शपथ ग्रहण की तिथि तय हो गई तो प्रोटोकॉल व व्यवस्था में लगे एक अधिकारी ने उनसे पूछा–सर, आपके शपथ ग्रहण समारोह में आपके परिवार और मित्रों में से किन - किन को बुलाना है, लिखवाइए।

कलाम साहब बोले– नाम तो याद नहीं हैं पर जिन- जिन शिक्षकों ने मुझे प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाया है उन सभी को ससम्मान समारोह में बुलाया जाए। फिर क्या था कलाम साहब जिस स्कूल में पढ़े वहां का रिकॉर्ड ढूंढा गया। शिक्षकों की खोज की गई और जो जीवित थे उन्हें सम्बंधित जिला कलेक्टर ने विशेष हेलीकॉप्टर अथवा वायुयान से उन्हें दिल्ली पहुँचाया और उन शिक्षकों के निजी सहायक के रूप में सम्बंधित जिला कलेक्टर स्वयं साथ रहे। किसी देश का बौद्धिक विकास उस देश के योग्य शिक्षकों पर निर्भर करता है। वह शिक्षक वर्ग ही है जो समाज को परिवर्तित करने का हुनर रखता है।

